**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 23.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **नवरात्र, दशहरा आदि त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने तथा आमजनमानस में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक बांदा व सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ वर्तमान में प्रशिक्षण कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ शहर क्षेत्र में किया गया पैदल मार्च।**
- **अभियान मिशन शक्ति-5.0 के तहत पैदल मार्च के दौरान बालिकाओं/महिलाओं से बातचीत कर उनकी सुरक्षा के उपायों के बारे में दी गई जानकारी।**

**विवरण-** नवरात्र, दशहरा सहित अन्य त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने तथा आमजनमानस में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया। पुलिस लाइन से ओवरब्रिज, रेलवे स्टेशन, बलखण्डीनाका, महेश्वरी देवी मन्दिर, मुख्य बाजार, व बाबूलाल चौराहा सहित मिश्रित आबादी वाले व भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त करते हुए लोगों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया। इस मार्च में वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को भी शामिल किया गया, जिन्हें शहरी क्षेत्र में आमजन से संपर्क, नागरिक सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और महिला सुरक्षा के व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर दिया गया। पैदल मार्च के दौरान अभियान मिशन शक्ति-5.0 के तहत महिला एवं बालिकाओं से संवाद किया गया और उनकी सुरक्षा के उपायों, सतर्कता व आवश्यक सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान पंपलेट वितरित किए गए तथा महिलाओं से फीडबैक भी लिया गया। इस पैदल मार्च के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश आमजन तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री बलराम, व प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री संजय सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।